दिन– शुक्रवार दिनांक– 09 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारतीय सेना ने कल रात उत्तर और पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान द्वारा ड्रोन और मिसाईल हमलों को विफल किया।

02. ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश में भारत और नेपाल के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा बढ़ायी गयी।

03. नागर उड्डयन मंत्रालय ने देश के सभी हवाई अड्डे बंद किए जाने की खबर का खंडन किया। ऐहतियात के तौर पर पटना से हिंडन, चंडीगढ़ और भुवनेश्वर की उड़ान कल तक के लिए स्थगित।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सेपक टाकरा के बालक वर्ग में बिहार ने स्वर्ण और बालिका वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया।

————————————————————

भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात जम्मू–कश्मीर समेत पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारतीय सेना ने जोर देकर कहा कि वह देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सेना ने कहा कि सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में सैन्य स्टेशनों और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास के स्थानों को भी निशाना बनाने का प्रयास किया। हालाँकि, भारतीय सशस्त्र बलों ने हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया, और किसी भी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। इस संबंध में और जानकारी दे रहीं हैं हमारी संववाददाता––

–––बाईट–––

आकाशवाणी समचार से विशेष बातचीत में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चोपड़ा ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के विरूद्ध भ्रामक दुष्प्रचार का अभियान शुरू किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें। इस बीच, बढ़ते तनाव के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा की स्थिति का जायजा लेने के लिए सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशकों के साथ बात की। उन्होंने हवाई अड्डे की सुरक्षा के संबंध में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशकों के साथ भी चर्चा की। इधर, कल विशेष संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि तनाव बढाने का भारत

का कोई इरादा नहीं है और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बाईस अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमला ही तनाव बढाने की कार्रवाई थी और भारत ने केवल उसका जवाब ही दिया है।

———बाइट———

इस बीच, संवाददाता सम्मेलन में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने कल पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडारों और सिस्टम को निशाना बनाया और लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय कर दिया।

———बाइट———

————————————————————————

भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान डिजिटल क्षेत्र में फर्जी खबरें और गलत सूचना फैला रहा है। यह लड़ाई में जीत की कहानियां गढ़ रहा है। यह मीडिया को गुमराह करने और लोगों की धारणा बदलने के पाकिस्तान के जानबूझकर किए गए प्रयास दर्शाता है। पाकिस्तान सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार का सहारा ले रहा है, इसलिए इस महत्वपूर्ण समय में हर जानकारी की सावधानीपूर्वक जांच महत्वपूर्ण है। संदिग्ध सामग्री विशेषरूप से भारतीय सशस्त्र बलों या मौजूदा स्थिति से संबंधित कोई भी जानकारी पीआईबी फैक्ट चेक को देनी चाहिए। ऐसी सामग्री व्हाट्सएप नंबर— आठ सात नौ नौ सात एक एक दो पांच नौ और ईमेल आईडी — सोशल मीडिया ऐट पी आई बी डॉट जी ओ वी डॉट आई एन पर भी भेज सकते हैं।

————————————————————————

नागर उड्डयन मंत्रालय ने मीडिया का उन खबरों को खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि देश भर के हवाई अड्डे बंद किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि हवाई क्षेत्र की बदली परिस्थितियों और कड़ी सुरक्षा के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। वहीं, पटना से हिंडन, चंडीगढ़ और भुवनेश्वर की उड़ान कल तक के लिए स्थगित की गयी है। इस बीच, पाकिस्तान की आक्रामकता को देखते हुए किशनगढ़, भुंतर और लुधियाना हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इससे पहले राजस्थान, पंजाब, जम्मू—कश्मीर, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में हवाई अड्डों पर परिचालन बंद किया गया था।

————————————————————————

पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे भारत के अभियान ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार में भारत और नेपाल के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवान मधुबनी, सीतामढी, सुपौल, अररिया, पूर्वी और

पश्चिमी चंपारण आदि सीमावर्ती जिलों में लगातार निगरानी कर रहे हैं। बिहार में पुलिस और राज्य सरकार के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी स्तर्कता बरतने का आदेश दिया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों को अपने कार्यों की व्यापक समीक्षा करने और आवश्यक प्रणालियों का पूरी तरह सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इनमें तत्परता, आपातकालीन कार्रवाई और आंतरिक संचार प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान दिया गया है। श्री मोदी ने राष्ट्र के संवेदनशील दौर से गुज़रने के दौरान निरंतर सतर्कता, संस्थागत तालमेल और स्पष्ट संचार का आह्वान भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और नागरिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर–मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा करने के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

———————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को दो माह के अंदर नया वीजा बनवाने का आदेश दिया गया है। केन्द्र सरकार के आदेश पर पटना के पुलिस अधीक्षक विधि व्यवस्था संजय कुमार ने जिले में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को दस जुलाई तक नया वीजा बनवाने के लिए आवेदन करने का समय दिया है। उन्होंने बताया कि दो माह के बाद उनका वीजा स्वतः रद्द हो जायेगा। गौरतलब है कि पटना जिले में अट्ठाईस पाकिस्तानी महिलाएं रह रही हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए पथ निर्माण विभाग की तैंतीस हजार चार सौ चौंसठ करोड़ रूपये की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने पत्रकारों को बताया कि इस राशि से नये पुलों का निर्माण और पुराने पुलों के जीर्णोद्धार की आठ योजनाओं के साथ ही अठारह आरओबी और अंडरपास का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पटना–पूर्णियां एक्सप्रेस–वे के निर्माण की प्रक्रिया जून महीने में शुरू हो जायेगी। साथ ही रक्सौल–हल्दिया और गोरखपुर–सिलीगुड़ी एक्सप्रेस–वे की डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के कारण प्रदेश में पिछले चार वर्षों में मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पहले प्रति एक लाख महिलाओं के प्रसव के दौरान एक सौ अठारह महिलाओं की मौत होती थी। यह संख्या घटकर अब सौ पर पहुंच गयी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मातृ मृत्यु दर में कमी के मामले में असम के बाद बिहार दूसरा राज्य है। उन्होंने कहा कि नमूना पंजीकरण प्रणाली, एसआरएस की रिपोर्ट के अनुसार बिहार की शिशु मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत के बराबर सत्ताईस पर पहुंच गयी है।

————————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सेपक टाकरा बालक वर्ग क्वार्ड टीम के फाईनल मुकाबले में बिहार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। पटना के बीएसएपी इंडोर हॉल में खेले गये मुकाबले में बिहार ने मणिपुर को सत्रह–पन्द्रह, पन्द्रह–ग्यारह से हराकर खिताब हासिल किया। वहीं, बालिका वर्ग के फाईनल में बिहार को रजत पदक प्राप्त हुआ है। इस मुकाबले में मणिपुर ने बिहार को आठ–पन्द्रह, बारह–पन्द्रह से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इधर, खेलो इंडिया यूथ गेम्स के छठे दिन आज बास्केटबॉल, निशानेबाज़ी, रग्बी और खो–खो जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

————————————————————————

इधर, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आज बेगूसराय में राजस्थान और बिहार के बीच खेला जाने वाला फुटबॉल मैच अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार राजस्थान की टीम के वापस लौटने के कारण यह मैच नहीं खेला जा सका।

————————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इसके चलते कई स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गया प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस बीच, भीषण गर्मी और लू की आशंका के चलते स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में कोल्ड रूम बनाने के निर्देश दिये हैं। वहीं, पीएमसीएच और एनएमसीएच में बीस–बीस बेड लू पीड़ितों के लिए आरक्षित रखने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही जिला अस्पताल में

दस–दस और पीएचसी तथा सीएचसी अस्पतालों में पांच–पांच बेड आरक्षित रखने को कहा गया है।

——————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इसका शीर्षक दिया है– पाक का गुरूर चूर–चूर। भारत ने ड्रोन मिसाईल, युद्धक विमान मार गिराया, पाक के तीन शहरों पर हमला।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– पाकिस्तान की हिमाकत का करारा जवाब। भारत का इस्लामाबाद तक वार।

दैनिक भास्कर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विभिन्न देशों की प्रतिक्रिया का शीर्षक लगाया है– सात देशों के नेताओं ने कहा– भारत को आत्मरक्षा का अधिकार, आतंक पालने वालों का खात्मा हो।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– राज्य के सभी सीमावर्ती जिलों में पूरी तरह रखें चौकसी।

आज अखबार की सुर्खी है– जस्टिस वर्मा का इस्तीफा देने से इंकार। चल सकता है महाभियोग। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– लालू पर मुकदमें के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दी मंजूरी।

——————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारतीय सेना ने कल रात उत्तर और पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान द्वारा ड्रोन और मिसाईल हमलों को विफल किया।

02. ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश में भारत और नेपाल के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा बढ़ायी गयी।

03. नागर उड्डयन मंत्रालय ने देश के सभी हवाई अड्डे बंद किए जाने की खबर का खंडन किया। ऐहतियात के तौर पर पटना से हिंडन, चंडीगढ़ और भुवनेश्वर की उड़ान कल तक के लिए स्थगित।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सेपक टाकरा के बालक वर्ग में बिहार ने स्वर्ण और बालिका वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।